आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 शुक्रवार 21.08.2026

<u>मुख्य समाचारः—</u>

1— नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड लीडर्स फोरम में मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

2— राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि शासकीय स्कूलों में कॉन्ट्रैक्ट भर्ती के लिए राज्य स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी।

3— इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में प्रश्नपत्र लीक होने की सूचना पर परीक्षा निरस्त कर घटना की जांच के लिए समिति बनाई गई।

4— उत्तराखंड के चमोली में निर्माणाधीन सुरंग में पानी भरने की घटना में मारे गए छत्तीसगढ़ के चार श्रमिकों के परिजनों को राज्य सरकार पांच—पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

<u>मुख्यमंत्री—वर्ल्ड लीडर्स फोरम</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड लीडर्स फोरम में छत्तीसगढ़ की युवा—केंद्रित अर्थव्यवस्था और निवेश की संभावनाओं का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद प्रदेश को आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार तीस तक पांच हजार स्टार्टअप विकसित करने का लक्ष्य है। युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए छह लाख विद्यार्थियों और डेढ़ लाख शासकीय कर्मचारियों को एआई प्रशिक्षण देने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पांच सौ करोड़ रुपये का राज्य एआई मिशन शुरू किया जा रहा है। नवा रायपुर में करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से एआई डेटा सेंटर पार्क विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में सुरक्षा की स्थिति में सुधार के बाद विकास, पर्यटन, निवेश और रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं।

<u>शिक्षा मंत्री—प्रेसवार्ता</u>

प्रदेश के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय और अन्य सरकारी संस्थानों में अलग—अलग शैक्षणिक तथा गैर—शैक्षणिक पदों पर कॉन्ट्रैक्ट भर्ती के लिए राज्य स्तरीय ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसका परिणाम एक सप्ताह के भीतर घोषित किया जाएगा। यह जानकारी स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज नवा रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के पिछले ढाई वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में एक हजार आठ सौ पंचानवे पदों और स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में एक हजार एक सौ इकहत्तर पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रदेश के दस हजार पांच सौ अड़तीस सरकारी स्कूलों को तर्कसंगत किया गया है। वहीं, शिक्षकों के पांच हजार पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि सरकारी योजनाओं की ऑनलाइन निगरानी के लिए ''विद्या समीक्षा केंद्र'' स्थापित किए जा रहे हैं।

कृषि विवि–पेपर निरस्त

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में एफ.आई.आर दर्ज करा दी गई है।

उच्चतम न्यायालय–वकालत अवधि

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवेश स्तर की न्यायिक सेवा परीक्षाएं देने के संबंध में विधि स्नातकों के लिए अनिवार्य तीन वर्ष की वकालत की अवधि घटाकर एक वर्ष कर दी है। न्यायालय ने इस बारे में पिछले वर्ष के अपने ही फैसले में संशोधन किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति ए जी मसीह और के विनोद चन्द्रन की पीठ ने पुर्नसमीक्षा को खारिज करते हुए दो–एक से यह फैसला दिया।

केन्द्रीय सचिव–मत्स्य पालन

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव अविलक्ष्य लेखी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मत्स्य किसानों को आधुनिक तकनीक, वित्तीय सहायता और बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराई जा रही है। कल रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मत्स्य उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं और राज्य में तिलापिया क्लस्टर विकसित किया जा रहा है। श्री लेखी ने बताया कि राज्य में मत्स्य क्षेत्र की परियोजनाओं पर करीब नौ सौ करोड़ रुपये व्यय और स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को किसानों की आय बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज उत्पादन और निर्यात क्षमता मजबूत करने के निर्देश दिए। राज्य में दो हजार से अधिक किसान तिलापिया पालन कर रहे हैं।

सुरंग हादसा–मुआवजा

उत्तराखंड के चमोली जिले के पीपलकोटी में पिछले सप्ताह सुरंग हादसे में लापता दो श्रमिकों के शवों में से एक की पहचान छत्तीसगढ़ के चेतन पोयाम के रूप में हुई है। इसके साथ ही हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर दस हो गई। इस हादसे में कोंडागांव जिले के ग्राम धनसुली के दो, मदनार के एक और दहीकोंगा के एक श्रमिक की मृत्यु की पुष्टि पहले ही हो चुकी है। जबकि जिले के दो श्रमिक घायल हुए हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उत्तराखंड के चमोली में निर्माणाधीन सुरंग में पानी भरने की घटना में कोंडागांव जिले के चार श्रमिकों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतक श्रमिकों के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपए तथा हादसे में घायल दोनों श्रमिकों को पचास–पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

यूपीएससी–परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग–यू.पी.एस.सी. की मुख्य परीक्षा आज से आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा बाईस, तेईस, उनतीस और तीस अगस्त को भी आयोजित होगी। परीक्षा सुबह नौ से बारह और दोपहर ढाई बजे से साढ़े पांच बजे तक दो पालियों में हो रही है।

सरपंच अविश्वास प्रस्ताव

राजनांदगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोमनी की सरपंच नीलिमा साहू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। मतदान के दौरान सरपंच सहित दो पंचों ने वोट नहीं डाला। इस प्रकार अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में कुल सोलह मत प्राप्त हुए, जबकि सरपंच के

पक्ष में एक भी मत नहीं पड़ा और अविश्वास प्रस्ताव सोलह–शून्य के स्पष्ट बहुमत से पारित हो गया।

<u>क्रीडा प्रतियोगिता–समापन</u>

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के पेंड्रा में आयोजित चार दिवसीय छब्बीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। प्रतियोगिता में जिम्नास्टिक, ताइक्वांडो, कबड्डी और क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बिलासपुर संभाग ओवरऑल चौंपियन रहा। समापन समारोह में कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

<u>'जनजातीय कारीगर सूचीबद्धता मेला'</u>

धमतरी के लाइवलीहुड कॉलेज में जनजातीय कारीगरों, कलाकारों और उद्यमियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर के बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से एक दिवसीय 'जनजातीय कारीगर सूचीबद्धता मेला' आयोजित किया गया। इस मेले में जिले के बीस कलाकारों और कारीगरों ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए। मेले में पात्र कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, वन धन विकास केंद्रों, किसान उत्पादक संगठनों और जनजातीय उद्यमियों को ट्राइफेड से सूचीबद्ध होने का अवसर दिया गया।

<u>सोनमणि बोरा–समीक्षा</u>

नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कल मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को टीम के साथ रोजाना वार्डों का भ्रमण कर विकास और सफाई कार्यों की निगरानी करने को कहा। साथ ही बाजारों में नियमित सफाई, समय पर कचरा उठाने और कचरे को अलग–अलग करने की व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। प्रमुख सचिव ने विभिन्न नगरीय निकायों में बन रहे अड़तीस नालंदा परिसरों का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर पेयजल, शौचालय और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा।

<u>बच्चे–मौत</u>

बिलासपुर जिले के पचपेड़ी थाना क्षेत्र में कल शाम तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। बताया गया है कि चार और सात वर्ष के दोनों बच्चे अपने पिता के साथ तालाब गए थे। इसी दौरान चार वर्षीय बच्चा फिसलकर गहरे पानी में चला गया। छोटे भाई को डूबता देख बड़े भाई ने उसे बचाने को कोशिश की, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण दोनों भाई डूब गए।

<u>बातों–बातों–में</u>

प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार 'कोंडागांव जिले में शुरू किए गए हीलर हर्बल गार्डन योजना' पर केंद्रित औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल बाईस अगस्त को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

उच्चतम न्यायालय–वकालत अवधि

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवेश स्तर की न्यायिक सेवा परीक्षाएं देने के संबंध में विधि स्नातकों के लिए अनिवार्य तीन वर्ष की वकालत की अवधि घटाकर एक वर्ष कर दी है। न्यायालय ने इस बारे में पिछले वर्ष के अपने ही फैसले में संशोधन किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति ए जी मसीह और के विनोद चन्द्रन की पीठ ने पुर्नसमीक्षा को खारिज करते हुए दो–एक से यह फैसला दिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>